मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक : छोटेलाल शर्मा**

वर्ष - 10 ■ अंक - 23 ■ मुंबई, सोमवार, दिनांक 27 फरवरी से 05 मार्च 2023 ■ पृष्ठ : 4 ■ कीमत : 3 /- रुपये




# राज्यसभा सांसद श्री रामचन्द्र जांगड़ा ने 'बीसीआर आईकोनिक अवॉर्ड्स 2022' से किया विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित

**अजय शास्त्री**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित '११वां बीसीआर ग्लोबल आइकोनिक अवार्ड 2022' सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, अवार्ड समारोह में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माननीय रामचन्द्र जांगड़ा ने दिल्ली सहित देश की अनेकों विशिष्ट विभूतियों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर ग्लोबल '११वां बीसीआर आईकोनिक अवॉर्ड्स 2022' से सम्मानित किया गया।

आयोजक वरिष्ठ संपादक एवं फिल्म अभिनेता, निमार्ता-निर्देशक अजय शास्त्री और मुख्य अतिथि सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने समारोह में बाल कलाकार रिदम, सिंगर व अभिनेता सिंकंदर राजा हसन, एंकर सुयश शर्मा, अभिनेता सलत गुलाबभाई, अभिनेत्री सिद्धि सोनी, अभिनेता देव गौर, अभिनेत्री अंजलि शास्त्री, अभिनेत्री गरिमा सिंह, अभिनेता मोहित कुमार, सिंगर रूबल कौर, यंगेस्ट फोटोग्राफर कृष गुप्ता, वूडन क्राफ्ट आर्टिसन आदिमूलम ईश्वराचारी, सुरेश थोमॉस, मनीष जांगड़ा अश्वनी जांगड़ा, डॉ. एमसी शर्मा, डॉ. सलोनी सिन्हा, फैशन डिजाइनर रचना शर्मा, डॉ. बीएस तोमर, सोशल वर्कर आरएस तुषीर, रीना गुप्ता, दीपक जैन, सुरवारपु कनकदुर्गा, लक्कोजू सुजाता, गोनुगुंतला सुब्बाराव, के. बंगारू बाबू (नेशनल प्रेजिडेंट ऑफ आर्टिसन डेवलपमेंट फाउंडेशन), डॉ. हेमसुन्दर कोलापुन्डी, सीनियर जर्नलिस्ट दिनेश गौर, सतबीर पांचाल विश्वकर्मा, पत्रकार हाजी निसार मलिक, पत्रकार लखन सिंह, पत्रकार नय्यर अली जैदी, पत्रकार विपिन भदौरिया, संपादक अब्दुल सलाम, संपादक अखिलेश चौबे, संपादकआशा यादव, संपादक छोटेलाल शर्मा, संपादक संजय त्यागी, संपादक हरीश विश्वकर्मा, संपादक अशोक कौशिक, विनीत शर्मा, संपादक सुरेंद्र कुमार, संपादक प्रमोद यादव, मानवेन्द्र कुमार, विनय कुमार विश्वकर्मा, वेदप्रकाश शर्मा, फिल्म निमार्ता अरविन्द राठौड़, कोरियोग्राफर ऋतुराज, सीनियर जर्नलिस्ट अमरेंद्र गुप्ता, संपादक विकास राज तिवारी, कैलाश आडवाणी, रवि शर्मा, पत्रकार अनुराग भदौरिया आदि को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए विभूषित किया गया। राजयसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करना समाज और सरकार का प्रमुख कर्तव्य है। माननीय सांसद ने कार्यक्रम के संयोजक अजय शास्त्री द्वारा किए जा रहे इस तरह के सहनीय कार्यों व प्रयासों को सराहनीय और समाज के लिए अनुकरणीय बताया। सांसद जी शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आयोजक अजय शास्त्री ने सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।







# मुंबई के नायर अस्पताल में भयानक हादसा!

## 28 साल का एक मरीज सातवीं मंजिल से गिर गया



**मुंबई :** माना जा रहा है कि 28 साल का एक मरीज मुंबई के नायर अस्पताल की सातवीं मंजिल से गिर गया। घटना गुरुवार रात की है। सीधे भूतल पर बने इस अस्पताल को काफी चोटें आई हैं और उसका इलाज चल रहा है. इस युवा मरीज का नाम सतीश कुमार है.

वह नालासोपारा के रहने वाले हैं और 21 फरवरी से नायर अस्पताल की तीसरी मंजिल पर उनका इलाज चल रहा था। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वह गलती से ऊपर से गिरा या उसने छलांग लगाई।

नीचे गिरते समय, वह कुछ मंजिल ऊपर एक एसी डक्ट से टकरा जाता है और घायल हो जाता है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना कैसे हुई। तीसरी मंजिल पर इलाज करा रहे सतीश कुमार सातवीं मंजिल पर क्यों गए? पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कहीं वह मानसिक तनाव में तो नहीं था।

# कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक से 3 करोड़ का फर्जी लोन लेने वाला मुंबई से गिरफ्तार

## तीन करोड़ के गबन मामले में आरोपी मुंबई से गिरफ्तार

**मुंबई :** स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मुंबई पुलिस की सहायता से कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक में फर्जी लोन के नाम पर तीन करोड़ रुपये के गबन के आरोपी को धर दबोचने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान दिनेश डेविड पुत्र स्वर्गीय सतपाल सिंह निवासी शैलजा ऊना के रूप में हुई है। विजिलेंस की टीम ने आरोपी को मुंबई के एक न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड पर लिया है, जिसे शुक्रवार को ऊना के न्यायालय में पेश किया जाएगा। बता दें कि आरोपी दिनेश डेविड विजिलेंस थाना ऊना में 7 अप्रैल 2021 और 24 सितंबर 2022 को दर्ज किए गए दो अलग-अलग मुकदमों में आरोपी बनाया गया है। दिनेश डेविड लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी धरपकड़ के लिए विजिलेंस की टीम ने इंस्पेक्टर हरीश गुलेरिया, हेड कांस्टेबल सुभाष चंद और कॉन्स्टेबल मनोज कुमार की टीम को महाराष्ट्र के मुंबई में रवाना किया था। मुंबई में स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने दिनेश डेविड के कई संभावित ठिकानों पर छापेमारी की। हालांकि इस दौरान मुंबई पुलिस की भी मदद ली गई। एएसपी विजिलेंस धर्मचंद वर्मा ने बताया कि दिनेश डेविड ने कांगड़ा बैंक के कर्मचारियों के साथ मिलीभगत करते हुए कई फर्जी लोन बनाकर करीब 3 करोड़ रुपए का गबन किया हैं। आरोपी 24 फरवरी को जिला मुख्यालय की अदालत में पेश किया जाएगा। इसके बाद करोड़ों रुपए के गबन मामले की जांच में इसे शामिल किया जाएगा।



# सुप्रिया सुले महाराष्ट्र की पहली भावी महिला CM, पार्टी दफ्तर के बाहर होर्डिंग, क्या NCP में बढ़ रही है गुटबाजी?

**मुंबई:** शरद पवार के नेतृत्व में एकजुट दिखने वाली एनसीपी के भीतर ही भीतर गुटबाजी कितनी तेजी से पनप रही है, इसका अकेला गवाह मुंबई में बलार्ड पीयर स्थित एनसीपी का प्रदेश कार्यालय है। इन दिनों इस कार्यालय के बाहर एनसीपी नेताओं को भावी मुख्यमंत्री घोषित करने वाली होर्डिंग लगाओ स्पर्धा चल रही है।



इससे पता चल रहा है कि शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी में तीन गुटों के बीच रस्साकशी चल रही है।

एक गुट शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले का है। एक गुट शरद पवार के भतीजे अजित पवार का है और एक गुट एनसीपी के प्रदेशाध्यक्ष जयंत पाटील का है। तीनों गुटों के समर्थक अपने-अपने गुट के नेताओं को भावी मुख्यमंत्री प्रॉजेक्ट करने की स्पर्धा में लगे हैं।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# अनाप-शनाप वक्तव्य

जैसे इसमें संशय नहीं कि कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा ने प्रधानमंत्री के पिता को लेकर बेहूदी टिप्पणी करके हद पार की, वैसे ही इसमें भी नहीं कि असम पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करके अनावश्यक काम किया। यह ऐसा मामला नहीं था, जिसमें गिरफ्तारी की आवश्यकता थी। असम पुलिस को यह पता होना चाहिए था कि उसकी कार्रवाई का न केवल विरोध होगा, बल्कि उसे राजनीतिक मुद्दा बनाने की भी कोशिश होगी। अंततः ऐसा ही हुआ। इसके पहले तब भी ऐसा हुआ था, जब असम पुलिस ने गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवाणी को गिरफ्तार किया था। कुछ इसी तरह से गुजरात पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस के नेता साकेत गोखले को भी गिरफ्तार किया था। जिग्नेश की तरह साकेत पर भी आपत्तिजनक ट्वीट करने का आरोप था। इसमें संदेह नहीं कि नेता अक्सर अनाप-शनाप वक्तव्य देते रहते हैं और कई बार मयार्दा की सीमा भी लांघ जाते हैं, लेकिन उनकी गिरफ्तारी करके उन्हें हतोत्साहित नहीं किया जा सकता। आम तौर पर उन्हें उनके अभद्र बयानों के लिए सजा दिलाना भी संभव नहीं होता, क्योंकि वे प्रायः या तो क्षमा मांग लेते हैं या फिर यह कहकर चलते बनते हैं कि उनके कहने का वह अर्थ नहीं था, जो समझा गया। यही काम कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी किया, जबकि यह स्पष्ट है कि उन्होंने जानबूझकर प्रधानमंत्री के पिता को लेकर अनुचित टिप्पणी की।

कांग्रेस समेत अन्य विरोधी दलों के नेताओं की ओर से प्रधानमंत्री या उनके माता-पिता को लेकर बेतुकी-बेहूदा टिप्पणियां किया जाना कोई नई बात नहीं। हाल में समाप्त हुई भारत जोड़ो यात्रा के दैरान राहुल गांधी ने कहा था कि वह नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलना चाहते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर उनके और अन्य कांग्रेसी नेताओं की टिप्पणियों से ऐसा बिल्कुल भी नहीं लगता। प्रधानमंत्री को निशाने पर लेने के लिए उनके पिता को लेकर पवन खेड़ा ने जो आपत्तिजनक टिप्पणी की, वह कुल मिलाकर एक नफरती बयान ही था। यद्यपि यह किसी से छिपा नहीं कि कांग्रेस के नेता जब-जब प्रधानमंत्री को नीचा दिखाने के लिए अवांछित-अनुचित टिप्पणियां करते हैं, तब-तब उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता है, लेकिन वह इसे समझने के लिए तैयार नहीं। इसका कारण यही है कि स्वयं राहुल गांधी समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रधानमंत्री पर अनुचित टिप्पणियां करते रहते हैं। चूंकि शीर्ष नेता ऐसा करते हैं, इसलिए निचले स्तर के नेता और भी बेलगाम-बदजुबान हो जाते हैं। पता नहीं यह सिलसिला कब और कैसे थमेगा, लेकिन यह स्पष्ट है कि इसमें पुलिस की तब तक कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए, जब तक किसी के अपशब्द वैमनस्य फैलाने के साथ कानून एवं व्यवस्था के लिए खतरा नहीं बन जाते। यह अच्छा हुआ कि पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से तत्काल राहत मिल गई, लेकिन आखिर ऐसी राहत सबको क्यों नहीं मिलती?

# मनपा क्षेत्र से चोरी हुए 19 दिनों में 41 गटर के ढक्कन



**नालासोपारा :** वसई-विरार महानगर पालिका क्षेत्र में इन दिनों गटर के ढककन की चोरी करने वाले चोरों का आतंक बढ़ गया है। बेखोफ होकर अज्ञात चोर गटर पर लगे ढकक्कन चुराकर फरार हो जा रहे हैं। हालांकि मनपा द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जा रहा है। बावजूद इसके गटर के ढक्कन की चोरी नहीं थम रही है। मनपा प्रभाग समिति (एफ) अंतर्गत फरवरी माह में 19 दिनों के अंदर 41 लोहे के ढककन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। नागरिकों का कहना है कि रात में घर के अंदर घुसने के दौरान देखा गया कि गटर के ऊपर ढक्कन लगे थे, लेकिन सुबहउठने पर ढक्कन गायब मिलता है। ऐसा ही हाल हनुमान गली में हाल में ही हुआ था।

रात में एक महिला अपने घर के बाहर बने गटर के ऊपर लगे ढक्कन के ऊपर ही कपड़ा धुलाई की थी, लेकिन सुबह उठने के बाद जब वह शौचालय जाने के लिए पानी का डिब्बा लेकर बाहर निकली तो ढक्कन न होने के कारण वह सीधे गटर में गिर गई। हालांकि लोगों ने उसे तत्काल गटर से बाहर निकाल लिया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया।

# ऐन चिंचवड उपचुनाव में महाविकास आघाड़ी को लगा झटका...!

## इस पार्टी के नेता बीजेपी में हुए शामिल



**पिंपरी :** ऐन चिंचवड विधानसभा उपचुनाव के दौरान महाविकास आघाड़ी और खासकर कांग्रेस को जोरदार झटका लगा है। पिंपरी-चिंचवड कांग्रेस के पूर्व शहर अध्यक्ष और प्रदेश सचिव सचिन साठे उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हो गए। सचिन साठे ने 21 फरवरी को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के प्रदेश सचिव पद सहित कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके चलते पिंपरी चिंचवड शहर की सियासत में भूचाल आ गया था। साठे के बीजेपी में आने से चिंचवड विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी की ताकत और बढ़ गई है और अश्विनी लक्ष्मण जगताप की जीत लगभग तय मानी जा रही है। सांगवी स्थित पीडब्ल्यूडी मैदान में बीजेपी-शिवसेना महायुति अश्विनी लक्ष्मण जगताप के प्रचार अभियान को लेकर बीती शाम एक सभा हुई, जिसमें साठे ने बीजेपी में प्रवेश किया।

इस मौके पर प्रत्याशी अश्विनी जगताप, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले, पालकमंत्री चंद्रकांत पाटील, सांसद श्रीरंग बारणे, धनंजय महाडीक, बीजेपी शहर अध्यक्ष और विधायक महेश लांडगे, विधायक शिवेंद्र राजे भोसले, राम सातपुते, उमा खापरे, श्रीकांत भारतीय, राम शिंदे, पूर्व मंत्री विजय शिवतारे, हर्षवर्धन पाटील, बीजेपी महिला आघाडी की प्रदेश अध्यक्षा चित्रा वाघ, पूर्व महापौर माई ढोरे, बीजेपी और प्रदेश प्रवक्ता एकनाथ पवार, प्रदेश सचिव अमित गोरखे, प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष अमित गोरखे, आरपीआई की नेता चंद्रकांता सोनकांबले, रासपा के शहर अध्यक्ष भारत महानवर, प्रहार के संजय गायके आदि उपस्थित थे।



राऊ, इंदौर : में पधारे नागपुर निवासी समाजसेवी श्री विनोदजी पवार, यवतमाल निवासी, समाजसेवी श्री विनोदजी सांखला मुंबई निवासी श्री विवेक जी भाटी परिवार सहयह सभी इंदौर में शादी विवाह में पधारे और कम समय मे आकर हमारे निवास स्थान आये, श्री मोहनलाल चांगल, परिवार ने आत्मीय से स्वागत -अभिनंदन किया सभी कोबहुत, बहुत, बधाई और शुभकामनाएं








बुद्ध विहार समन्वय समिति की तरफ से पुणे के आलंदी में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया गया।
इस मौके पर भीम शक्ति सामाजिक संगठन के मुंबई उपाध्यक्ष और धम्म मित्र मिलींद कुमार रणदिवे ने दिल्ली विधान सभा के पूर्व सामाजिक न्यायमंत्री व विधायक राजेन्द्र पाल गौतम को शाल और गुलाब का फूल देकर उनका स्वागत किया।राष्ट्रीय अधिवेशन में भीम शक्ति संगठन के मुंबई और पुणे तथा महाराष्ट्र के तमाम नेता और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रस्तुतिः-कपिलदेव खरवार

# अखिल भारतीय काँग्रेस कमिटीका महा अधिवेशन संपन्न

**मुंबई :** अखिल भारतीय काँग्रेस कमिटीका महा अधिवेशन २३/२४/२५ फेब्रूवारी२०२३ को छत्तीसगढ राज्य के रायपूर शहरमे संपन्न हुआ. इस अधिवेशन मे हमारे नाई समाज के विविध राज्य -- महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र, छत्तीसगढ के राज्यस्तरीय नेता सम्मानित हुये. महाराष्ट्र काँग्रेस के महा सचिव प्रा. प्रकाश सोनवणे (AICC OBC Co ordinator), राजस्थान के मा. राजेंद्र सेन - काँग्रेस नेता एवं AICC OBC Coordinator, छत्तीसगढ राज्य



केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष - मा.नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष - श्री. चित्रकांत श्रीवास, सदस्य - श्री.धनुष्य सेन, सदस्य - श्री.विजय सेन, राजस्थान केश शिल्पी बोर्ड अध्यक्ष -मा. महेंद्र गेहलोत, श्री. मुरली - आंध्र प्रदेश छत्तीसगड काँग्रेस युवा महिला नेता एवं PCC मेंबर कुमारी लिली श्रीवास्तव. छत्तीसगढ केश शिल्पी बोर्ड निर्माण कार्य मे मैने मा. मुख्यमंत्री ना.भूपेश बघेल जी से मुलाकात करके विनंती / शिफारस की थी.

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवशीय विशेष शिविर का समापन सम्पन्न

**सीखड़,** 22 फरवरी को नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा के राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय विशेष शिविर का समापन सत्र प्राइमरी विद्यालय पतलुकिया के प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमे ग्राम पंचायत मगरहा के ग्राम प्रधान श्री महिपाल सिंह, प्राइमरी विद्यालय के प्रधानाचार्य,अध्यापक, राजकीय महाविद्यालय के डॉ अशोक कुमार, डॉ अमर कृष्ण यादव, कर्मचारी, एनएसएस वॉलंटियर, ग्रामवासी, छोटे छोटे बच्चे उपस्थित थे।







एनएसएस वॉलंटियर ने अपनी अपनी टोली के कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता संबंधी अभियान का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर ग्रामवासी जागरूक एवं उत्साहित हुए। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान ने सभी कार्यक्रमों को देखकर कहा कि राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के वॉलिंटियर द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय तथा सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ अशोक कुमार ने अपने संबोधन में समाज के प्रति एनएसएस वॉलंटियर के दायित्वों के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम यादव ने विशेष शिविर में प्रतिदिन की कार्यक्रमों के बारे में अपनी आख्या प्रस्तुत की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अमर कृष्ण यादव के द्वारा किया गया। समापन सत्र के बाद सभी एनएसएस वॉलंटियर ने जागरूकता रैली के साथ शिविर स्थल रूसा बिल्डिंग, राजकीय महाविद्यालय परिसर में आकर भोजन किए। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मृणालिनी सिंह के निर्देशन में सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारियों के द्वारा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमे सभी एनएसएस वॉलंटियर ने 'जीवन को बचाना है, हर दिन वृक्ष लगाना है' 'गांव गांव गली गली, वृक्षारोपण की लहर चली' जैसे नारे लगाते रहे जिससे पूरा परिसर गुंज उठा।राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य गीत, राष्ट्र गान के बाद सात दिवसीय विशेष शिविर समाप्त होने की घोषणा कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रेम यादव द्वारा किया गया, तत्पश्चात सभी वॉलिंटियर अपने-अपने टोली के साथ अपने अपने घर के लिए चल दिए।



शिवशक्ति नगर के रहिवासी श्री अशोक चौबे जी को जन्मदिन पर बधाई देते हुए ।बी पी शर्मा ,आर आर यादव ,संजय अहिरे , भीमबली गुप्ता ,बिक्रम कांबले आदि। अशोक चौबे हमेशा अपने मधुर संबंधों और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान पार्टी और समाज तथा बस्ती को हमेशा देते आये हैं ।अभी हाल ही में उनका इलाज जे जे अस्पताल में हुआ है ।सभी मेहमानों ने जन्मदिन की बधाई के साथ ही उज्वल भविष्य और जल्दी स्वस्थ होने की शुभकामना दी ।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**

**संरक्षक**
जे.पी. शर्मा

**संपादक**
छोटेलाल शर्मा
09819862172

**प्रबंध संपादक**
अनिल शर्मा
09833329721

**उप संपादक**
हरिशंकर शर्मा (मुंब्रा)
राजन शर्मा

**आर्थिक सलाहकार**
सतीशचंद्र गुप्ता

**प्रतिनिधि**
सौरभ उमेश प्रताप सिंह
राजेश कुमार शर्मा

**कानूनी सलाहकार**
एड. बी.एम. शर्मा
एड. आर. आर. शर्मा
एड. भाष्करानंद द्विवेदी
मो. 9452791570
(न्याय क्षेत्र मुंबई)

**सभी पद अवैतनिक हैं**
**व्हॉट्सएप नं. 9833235063**
E-mail:kadamkadampar1@gmail.com



औरंगाबाद महाराष्ट्र निवासी, सेन समाज के कार्य में सदैव अग्रसर, सबके चहते,राजकीय, सामाजिक क्षेत्र में अच्छा स्थान, औरंगाबाद जिल्हा बैंक के संचालक, सेन समाज के जेष्ठ मार्गदर्शक, मेरे आदरणीय जेष्ठ भाई साहब। Ad. शांतिलाल जी छापर वाल व सौ आदरणीय भाभी जी इन्हें विवाह वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई शुभकामनाए अभिनन्दन, चरण स्पर्श प्रणाम।।
सौ लता अशोक पवार, खंडाला वैजापूर
अशोक लालचंद पवार
अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन।।
सभी मान्यवर पदाधिकारी।।
मखाना परिवार, rahata,
राजस्थान सेन मारू समाज ट्रस्ट मंडल केंद्र कार्यालय नाशिक के सभी ट्रस्टी।।
राष्ट्रीय संगठन श्री नारायणी सेना के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी।।
एमपी अध्यक्ष नारायणी सेना।।
राजस्थान अध्यक्ष, नारायणी सेना

# आशिहारा कराटे इंटरनेशनल की वार्षिक प्रतियोगिता संपन्न

**मुंबई-** आशिहारा कराटे इंटरनेशनल की वार्षिक प्रतियोगिता का आयोजन लायंस क्लब मैदान, वी.पी.रोड, मुलुंड प.पर प्रशिक्षक दयाशंकर पाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख अतिथी के रूप में डॉ.बाबुलाल सिंह (वरिष्ठ समाज सेवक) उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में 85 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

चार विद्यार्थियों आर्या आव्हाड, संजना गुगले,आह्यान अहमद,मोनू मंसूरी को प्रमुख अतिथी द्वारा ब्लैक बेल्ट प्रदान किया गया।

इस अवसर पर योग में विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली सोनम केवट भी उपस्थित रही।






अन्य विद्यार्थियों को विभिन्न वर्गों में ब्राउन, ग्रीन,येलो,व्हाइट बेल्ट प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में अजित यादव, सौरभ गुप्ता,नयना पाटील, विश्वास पाल, रिद्धि वाघमारे, दक्ष पाल, विरेश वाघमारे,दिशा पाल, मनोज धारा, श्याम चौपाई, विजयलक्ष्मी पाल का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अपने बच्चों के हुनर देखने हेतु बडी संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए।



शिर्डी Hotel साईं गोल्ड में
कोपरगांव निवासी संतोष रामचंद्र जी चव्हाण के सुपुत्र कृष्णा के कुंकुम कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष Ad. पुखराज जी राठोड़ येवम मान्यवर।।



**भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

वैजापूर के पुर्व विधायक, खंडाला के मूल निवासी
**आदरणीय उत्तमराव जी पटवारी** इन्हें
भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित।।
अशोक लालचंद पवार
अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन।।
सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार।।
खंडाला वैजापूर

# “वनांचल क्षेत्र में पहली बार आयोजित “ब्यूटी फैशन रनवे शो” में छत्तीसगढ़ की मॉडल्स ने बिखेरा अपना जलवा”

## स्टेट लेवल “ ब्यूटी फैशन रनवे” एक्सक्लुसिव लाइव फैशन शो” का आयोजन”

**कांकेर-चारामा, छत्तीसगढ़।** प्रदेश में ब्यूटी इंडस्ट्रीज तथा फैशन वर्ल्ड को नया आयाम देने तथा मॉडलिंग के क्षेत्र में रूचि रखने वाले युवाओं को एक सशक्त प्लेटफॉर्म प्रदान करने के दृष्टिकोण से ‘‘फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एण्ड ऑल इंडिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन तथा ‘‘क्षितिज इंडिया’’ एंटरटेनमेंट एंड इवेन्ट मैनेजमेंट कॉर्पोरेशन , क्षितिज इंडिया म्यूजिक एंड फिल्मस प्रोडक्शन द्वारा अखिल भारतीय नारी शक्ति संगठन ‘‘तेजस्विनी’’ तथा छत्तीसगढ़ कला, साहित्य एवं सांस्कृतिक विकास परिषद के सहयोग से नागराज भवन, चारामा कांकेर में ‘‘ ब्यूटी फैशन रनवे- 2k23ll- एक्सक्लुसिव लाइव फैशन शो का सफल आयोजन किया गया ।



फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एंड ऑल इण्डिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन तथा क्षितिज इंडिया एंटरटेनमेंट एंड इवेन्ट मैनेजमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा कांकेर ज़िले के वनांचल क्षेत्र चारामा में पहली बार आयोजित ब्यूटी फैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आये हुए युवा मेल- फिमेल मॉडल्स ने रैम्प पर अपना जलवा बिखेरा। ब्यूटी फैशन रनवे शो में युवा मॉडल्स ने बेहतरीन मॉर्डन तथा कलरफुल यूनिक ड्रेसेस के साथ ही छत्तीसगढ़ी ट्रेडिशनल ड्रेसेस में रैम्प वॉक करके अपने टैलेंट को प्रदर्शित किया। ब्यूटी फैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आई हुई प्रोफेशनल ब्यूटी एक्सपर्ट तथा मेकअप आर्टिस्ट महिलाओं ने अपने मॉडल्स को मेकअप करके रैम्प वॉक के लिये तैयार किया । ब्यूटी फैशन रनवे शो के समापन पर मुख्य अतिथि नरेंद्र यादव सदस्य गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि- पार्षद रानू कमलेश सेन, सत्यजीत यादव,नारायण दास पंजवानी, महेंद्र नायक, हेमंत सिन्हा, गोपाल दुगार्सी, कोमल सिन्हा तथा अन्य अतिथियों के द्वारा ब्यूटी फैशन रनवे के सभी पार्टीसिपेंट्स मॉडल्स को सर्टिफिकेट, मोमेंटो, शॉल, श्रीफल तथा पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया । ब्यूटी फैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले और शहरों से आये हुए मॉडल्स ने रैम्प वॉक कर अपने टैलेंट को प्रदर्शित किया , जिनमें प्रमुख रूप से - प्रथम स्थान अनुराग श्रीवास्तव, द्वितीय वैशाली खत्री, तृतीय मैरी अर्चना, लीना सिन्हा, अनुष्का श्रीवास्तव, निर्मला, ओम कुमारी, दीप्ति, बिन्दु ठाकुर, करिश्मा साहू, हिंगलाज साहू, मोनिका, रोशनी सोनकर, गीतांजलि देवांगन तथा मेकअप एवं फैंसी ड्रेस में प्रथम स्थान भानुमति सहित अन्य मॉडल्स ने रैम्प पर अपने टैलेंट को प्रदर्शित किया। ब्यूटी फैशन रनवे में शो स्टॉपर के रूप में एफआईपीबी की मॉडल्स कोआर्डिनेटर प्रियंका बंजारे बिलासपुर तथा एफआईपीबी की सब-कोआर्डिनेटर हीना खान सारंगढ़ ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी।



ब्यूटी फैशन रनवे शो को सफल बनाने में फेडरेशन ऑफ इंडियन प्रोफेशनल ब्यूटीशियन एंड ऑल इण्डिया ब्यूटी पार्लर ऑर्गनाइजेशन की कांकेर जिला इकाई की सब-कोआर्डिनेटर चंद्रकांति नागे , तेजस्विनी नारीशक्ति संगठन धमतरी की जिला संयोजिका वीणा राशिद, एफआईपीबी रायपुर डिस्ट्रिक्ट मेंबर्स एवं अभनपुर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुशीला ठाकुर, अभनपुर ब्लॉक कोआर्डिनेटर अंजनी कोसरे , पूजा साईरानी , सरिता सिंह, पूजा अवधिया, शीतल, लता साहू, गायत्री साहू, प्रमिला साहू, खिलेस्वरी यादव, सोनी देवांगन,साहिल साहू सहित अन्य सदस्यों ने अपना सक्रिय योगदान दिया। ब्यूटी फैशन रनवे शो के ऑर्गनाइजिंग टीम में कांकेर जिला सब- कोआर्डिनेटर चंद्रकान्ति नागे, सुशीला ठाकुर, अंजनी कोसरे आदि शामिल थी। फैशन रनवे शो के मॉडल्स को ग्रूमिंग एफआईपीबी की मॉडल कोआर्डिनेटर प्रियंका बंजारे बिलासपुर एवं मॉडल कोआर्डिनेटर हीना खान सारंगढ़ के द्वारा दिया गया। ब्यूटी फैशन रनवे शो के वेन्यू पार्टनर नागराज भवन चारामा, हिमांशु ब्यूटी पार्लर चारामा थे। ब्यूटी फैशन रनवे शो में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिले और शहरों से आई हुई ब्यूटीशियन, मेकअप आर्टिस्ट, ड्रेस डिजाइनर्स, युवा मॉडल्स तथा बड़ी संख्या में कलाप्रेमी दर्शकगण उपस्थित थे ।



# संजय राउत सिजोफ्रेनिया से ग्रस्त

## मुख्यमंत्री शिंदे के बेटे सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे ने कसा तंज!

**अंबरनाथः** उद्धव ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत ने मुख्यमंत्री के बेटे सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे पर आरोप लगाया था कि शिंदे ने उन्हें मारने के लिए ठाणे के गैंगस्टर राजा ठाकुर को सुपारी दी थी। इस पर पलटवार करते हुए शिंदे ने मीडिया से कहा, ‘मुझे राउत साहब की बहुत चिंता हो रही है।’ यह कहते हुए उन्होंने राउत के आरोपों की खिल्ली उड़ाई। शिंदे ने कहा कि राउत रोज सुबह उठकर किसी पर भी आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा, ‘मैं एक डॉक्टर हूं, तो उनके व्यवहार को देखकर मुझे लगता है कि क्या वह सिजोफ्रेनिया जैसी बीमारी से पीड़ित हैं। वह एक काल्पनिक, आभासी दुनिया में रहते हैं। महाराष्ट्र को राउत की जरूरत है, क्योंकि वह सुबह-सुबह लोगों का मनोरंजन करते हैं। उन्हें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। शिंदे कल्याण लोकसभा क्षेत्र के प्राचीन शिव मंदिर सहित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण करने अंबरनाथ आए थे। उस वक्त उन्होंने राउत को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आरोप बेबुनियाद हैं।



### 2 दिन बाद तोड़ी चुप्पी

शिंदे ने राउत के गंभीर आरोप पर आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा, ‘मुझ पर लगाए गए आरोप बेतुके हैं। नरेश म्हस्के ने सबूत के साथ बात की है। राउत के सहयोगी चिंदरकर से भी पुलिस ने पूछताछ की थी। पहले राउत ने कहा कि मारने के लिए सुपारी दी गई थी, फिर उन्होंने कहा कि कोई उन पर कालिख पोतने वाला है। जैसे ही चिंदरकर ने यह कहा पुलिस ने उनका जवाब ले लिया है। चिंदरकर ने अपने जवाब में कहा था कि मैंने किसी का नाम नहीं लिया है, इसलिए दोनों जवाबों में विरोधाभास है।’

### राउत के खिलाफ ठाणे पुलिस में मामला दर्ज

**राउत के आरोप को लेकर बुधवार देर रात ठाणे की पूर्व मेयर मीनाक्षी शिंदे ने राउत के खिलाफ कापूरबावडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। गुरुवार को मीनाक्षी के नेतृत्व में ठाणे स्थित मनोरोग अस्पताल परिसर में महिला आघाडी ने राउत का विरोध कर राउत को भर्ती करने की प्रक्रिया पूरी की। मीनाक्षी ने मीडिया से कहा कि राउत की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह अनाप-शनाप बक रहे हैं। उनकी हालत और ज्यादा खराब हो, लोग सड़क पर उन्हें पागल हालत में देख उन्हें पत्थर मारें, इसके पहले उनका इलाज कराना जरूरी है। इस दौरान प्रतीकात्मक रूप से राउत को ऐम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया। एक युवक के चेहरे पर राउत का मुखौटा लगाया गया था। मीनाक्षी शिंदे ने भर्ती प्रक्रिया को लेकर कागजात अस्पताल के डीन डॉ. नेताजी मुलिक को सौंपे। बुधवार सुबह राजा ठाकुर की पत्नी ऐडवोकेट पूजा ठाकुर ने पुलिस में राउत के खिलाफ लिखित शिकायत की थी।**

Aastha Eye Clinic
• PHACO SURGERY
• FOLDABLE IOL’S
• MULTIFOCAL IOL’S
• LASER
• LASIK
• CONTACT LENSES



Dr Sriwas S.R.
MS DOMS (Mum.)
Eye Surgeon
Tel.: 28081297 M : 98208 74336
Time 10.00 am to 12.00 noon
07.00pm to 09.00pm
Days Monday Wednesday & Friday
A-104, Shivadarshan, Satyanagar,Borivali (W)
Mumbai-400092 Email. docshriwas@yahoo.com




यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com